**म0प्र0 शासन**
**किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग**
**मंत्रालय भोपाल**

**कमांक/डी–17/16/2018/14–3 भोपाल, दिनांकः 28 जनवरी, 2019**

**प्रति,**

**समस्त कलेक्टर,**
**मध्य प्रदेश.**

विषयः–जय किसान फसल ऋण माफी योजनान्तर्गत ऋण खाताधारी किसान के आधार कार्ड नहीं होने की स्थिति में कार्यवाही विषयक।

उपरोक्त विषयान्तर्गत कुछ जिला कलेक्टरों द्वारा सूचित किया गया है कि योजनांतर्गत कतिपय ऐसे ऋण खाताधारी किसान हैं जिनके आधार कार्ड अभी तक नहीं बने हैं तथा उन्हें फसल ऋण माफी योजना के फार्म/ आवेदन पत्र भरने में कठिनाई हो रही है। जय किसान फसल ऋण माफी योजनान्तर्गत ऋणमाफी का लाभ प्राप्त करने के लिए ऋणखाता आधार कार्ड सीडेड एवं प्रमाणित होना अनिवार्य है।

वर्तमान में आधार कार्ड बनाने की कार्यवाही यू आई डी ए आई द्वारा चालू है और उनकी वेबसाईट पर प्रत्येक जिले में आधार कार्ड बनाने के लिए जिन बैंकों एवं पोस्ट ऑफिस को अधिकृत किया गया है उनकी भी सूची उपलब्ध है। ऐसे ऋणखाताधारी किसान उक्त पर अपना आधार कार्ड बनवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त सभी 51 जिलों में एम.पी.एस.ई.डी.सी. द्वारा कलेक्टरों को बायोमेट्रिक मशीन से आधार कार्ड प्रदाय करने के लिए सुविधा उपलब्ध कराई गई है। अतः ऐसे सभी हितग्राहियों का जिनके पास आधार कार्ड उपलब्ध नहीं है, का शीघ्र पंजीयन कराकर उनके आधार कार्ड बनवाने की कार्यवाही की जावे।यदि कोई समस्या आ रही है तो नियुक्त नोडल अधिकारी, श्री विमल अरोरा, डिप्टी चीफ जनरल मेनेजर, एम.पी.एस.ई.डी.सी. (मोबाईल नम्बर 9827613142) से संपर्क किया जा सकता है।

आधार कार्ड क्रं पंजीयन पर एक ईआईडी (Enrolment Identification) नम्बर दिया जाता है और जिन प्रकरणों में कोई कठिनाई नहीं है उनमें 3 से 7 दिन में यूआईडीएआई द्वारा आधार नम्बर जारी कर दिया जाता है। Enrolment Identification नम्बर का उपयोग उक्त योजना के आवेदनपत्र भरने में किया जा सकता है।

अतः ऐसे सभी प्रकरणों को शीघ्र चिन्हांकित कर उपरोक्तानुसार आधार कार्ड बनवाने अथवा Enrolment Identification नम्बर प्राप्त करने की त्वरित कार्यवाही की जावे।

(डॉ. राजेश राजौरा)
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश शासन
किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग

.....................2/

पृ0क्रमांक/ डी–17/16/2018/14–3 भोपाल,दिनांकः 28 जनवरी, 2019

प्रतिलिपि :–

01. प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय मध्यप्रदेश शासन भोपाल।
02. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन भोपाल।
03. अपर मुख्य सचिव सह कृषि उत्पादन आयुक्त, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल ।
04. श्री अनुराग जैन, प्रमुख सचिव, म.प्र.शासन, वित्त विभाग, भोपाल ।
05. प्रमुख सचिव, म.प्र.शासन, सहकारिता विभाग,भोपाल को सूचनार्थ प्रेषित ।
06. प्रमुख सचिव, म.प्र.शासन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भोपाल।
07. प्रबंध संचालक, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल को सूचनार्थ प्रेषित ।
08. पंजीयक सहकारी संस्थाए मध्यप्रदेश भोपाल की ओर सूचनार्थ।
09. समस्त संभागायुक्त, मध्यप्रदेश आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
10. श्री सतीश गुप्ता, संयुक्त संचालक, संस्थागत वित्त संचालनालय, भोपाल।
11. श्री राजीव सियोदिया, सी.ओ.ओ., एम.पी. ऑनलाईन, भोपाल ।
12. समस्त संयुक्त संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास संभाग कार्यालय।
13. समस्त उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला कार्यालय ।

की ओर सूचनार्थ प्रेषित ।

28/1/19

प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश शासन
किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग

email
28/1/19